# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों के चयन के लिये दस जनवरी से पहले ऑनलाइन सर्वे शुरू कराने की तैयारी है। इसके लिये शासन ने आवास प्लस एप भी लांच किया है। योजना के तहत लाभार्थियों की पात्रता में सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों को मिल सके, इसके लिये पात्रता के मानकों में कई परिवर्तन किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अब पन्द्रह हजार रूपये प्रतिमाह तक की आय वाले आवेदक भी आवास के लिये पात्र होंगे। पहले दस हजार रूपये से अधिक मासिक आय, बाइक, मोबाइल या फ्रिज रखने वाले अभ्यर्थियों को अपात्र माना जाता था। अब ये सुविधा सम्पन्न आवेदक भी पात्र होंगे।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों के साथ नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में बैठक कर के जीत की रणनीति बनाई। इस दौरान प्रदेश के सात मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही , गिरीश यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, दयाशंकर मिश्र, सतीश मिश्रा और जेपीएस राठौर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थित और समर्पित कार्ययोजना हमें जीत दिलायेगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र को अलग–अलग भागों में वितरित कर निरन्तर समीक्षा करने के साथ ही मतदाताओं से सम्पर्क रखने का निर्देश दिया। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार जन कल्याण, ग्रामीण विकास, नारी सशक्तिकरण और नौजवानों के लिये समेकित विकास कार्य कर रही है।

***देश में आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की और उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार, दोनो सरकारों जन कल्याण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए, किसानों के उत्थान के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए और नौजवानों को उनको रोजगार उपलबध हो सके इस रू***

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में आज जिला जज की अदालत में प्रकरण से जुड़े सभी मामलों को एक ही अदालत में सुनने की कार्यवाही पर न्यायालय ने अट्ठारह जनवरी की तारीख तय की है। वादी पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन शर्मा ने बताया कि वादी पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में इस बार प्रार्थना पत्र दिया गया है कि वाराणसी की अदालत में चल रहे सारे मुकदमें को समेकित कर के उसे हाईकोर्ट में ट्रायल के तौर पर चलाया जाय। इसी प्रकरण में आज जिला जज ने मामले में पक्षकार बनने वाले लोगों को अगली सुनवाई की तिथि तक यह बताने को कहा है कि किस आधार पर उनको मामले में पार्टी बनाया जाए।

**********

वाराणसी में वृद्धों और असहायों तक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज से मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रोग्राम वैन का संचालन शुरू किया गया है। वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह वैन वृद्ध और असहाय लोगों के द्वार तक मुफ्त ओपीडी सुविधा, मेडिकल कंसल्टेशन, दवायें और जरूरी जांच जैसी सुविधायें उपलब्ध करायेगी।

**********

प्रदेश सरकार ने विभिन्न जिलों में दो सौ सैंतालीस लघु सेतुओं के निर्माण के लिये दो सौ छिहत्तर करोड़ अट्ठासी लाख रूपये जारी किये हैं। इस धनराशि से लोक निर्माण विभाग विभिन्न जिलों में अलग–अलग श्रेणी के मार्गों पर नये सेतुओं का निर्माण करायेगा।

**********

आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों का भी अब स्कूली विद्यार्थियों की तरह ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री यानी अपार पहचान पत्र तैयार किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने महिला बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से इस दिशा में प्रयास तेज कर दिये हैं।

**********

लखनऊ के के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में खेली जा रही हैंडबाल अंतरर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता आईएचएफ ट्रॉफी में आज यूथ कैटेगरी में उज्बेकिस्तान ने कजाकिस्तान को हरा दिया। उज्बेकिस्तान ने तिरालिस गोल किए जबकि कजाकिस्तान की टीम सिर्फ चौतीस गोल ही कर पायी। दोपहर बाद जूनियर वर्ग उज्बेकिस्तान और बांग्लादेश की टीमों के बीच मुकाबला शुरू हुआ।

**********

उत्तर प्रदेश के स्टाम्प और न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने आज वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित तैंतीसवीं उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में तीस वर्ष की आयु से लेकर सौ वर्ष की आयु तक के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में सत्तानबे वर्ष के तिलक राज कपूर ने गोल्ड मेडल जीता। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि एथलेटिक्स एक ऐसा खेल है जिसमें रनिंग, जम्पिंग और थ्रोइंग जैसी कई स्पर्धाएं शामिल हैं।

**********